# बैंक में (SBI, IBPS में ) क्लर्क/ जूनियर एसोसिएट (कस्टमर सपोर्ट और सेल्स) कैसे बने

भारत में बैंकों में लिपिकीय संवर्ग में अपना करियर स्थापित करने के इच्छुक युवाओं के लिए निम्न दो संसथान क्लर्क /जूनियर एसोसिएट (कस्टमर सपोर्ट और सेल्स) के रूप में भर्ती करती है।

1. भारतीय स्टेट बैंक
2. इंडियन बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (IBPS)
   (बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान) (आईबीपीएस)

## 1. भारतीय स्टेट बैंक में क्लर्क/ जूनियर एसोसिएट (कस्टमर सपोर्ट और सेल्स)

पात्रता की शर्ते

**1. शैक्षणिक योग्यता:**

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष योग्यता।
2. एकीकृत दोहरी डिग्री (IDD) प्रमाणपत्र रखने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि IDD उत्तीर्ण करने की तिथि विज्ञापन में दर्शित अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत करना होगा।
3. जो लोग अपने स्नातक के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर में हैं, वे भी इस शर्त के अधीन अनंतिम रूप से आवेदन कर सकते हैं कि, यदि अनंतिम रूप से चयनित होते हैं, तो उन्हें विज्ञापन में दर्शित अंतिम तिथि से पूर्व स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

**2. आयु सीमा: 20 से 28 वर्ष**

(अधिकतम आयु सीमा की गणना विज्ञापन में दी गई तिथि के अनुसार की जानी चाहिए अत: आवेदक विज्ञापन में उल्लेखित तिथि अनुसार अपनी आयु की गणना करें )

**आरक्षण के तहत आयु में छूट:**

1. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए : 5 वर्ष
2. अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए : 3 वर्ष
3. PwD (जनरल): 10 वर्ष

4. PwD (OBC): 13 वर्ष
5. PwD (SC/ST): 15 वर्ष
6. भूतपूर्व सैनिक/विकलांग भूतपूर्व सैनिक रक्षा सेवाओं में दी गई सेवा की वास्तविक अवधि + 3 वर्ष, (एससी/एसटी से संबंधित विकलांग भूतपूर्व सैनिकों के लिए 8 वर्ष) अधिकतम आयु 50 वर्ष के अधीन
7. विधवाएं, तलाकशुदा महिलाएं और अपने पति से न्यायिक रूप से अलग रह चुकी महिलाएं और जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है 7 वर्ष (सामान्य/ईडब्ल्यूएस के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष, ओबीसी के लिए 38 वर्ष और एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष के अधीन)

**3. राष्ट्रीयता:**

उम्मीदवार को निम्नलिखित में से किसी एक का नागरिक होना चाहिए:

- भारत का नागरिक।
- नेपाल/भूटान का नागरिक।
- तिब्बती शरणार्थी जो 1 जनवरी 1962 से पहले भारत में स्थायी रूप से बस गए हों।
- भारतीय मूल के व्यक्ति जो पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, केन्या, युगांडा, तंजानिया, जाम्बिया, मलावी, ज़ैरे, इथियोपिया या वियतनाम से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए हों।

**4. स्थानीय भाषा प्रवीणता:**

- उम्मीदवार को आवेदन किए गए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की स्थानीय भाषा को पढ़ने, लिखने, बोलने और समझने में सक्षम होना चाहिए।
- चयन प्रक्रिया के बाद, स्थानीय भाषा प्रवीणता परीक्षा आयोजित की जाती है (यदि पहले प्रमाणित नहीं की गई हो)।

## चयन प्रक्रिया एवं परीक्षा का पैटर्न :

1. चयन प्रक्रिया में ऑन-लाइन टेस्ट (प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा) और निर्दिष्ट चुनी गई स्थानीय भाषा की परीक्षा शामिल होगी।
2. **चरण-I:**

**प्रारंभिक परीक्षा:** 100 अंकों ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। जो वस्तुनिष्ठ प्रकृति की होगी । परीक्षा से सबंधित जानकारी निम्न है:-

| क्रमांक | विषय | प्रश्न | अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य अंग्रेजी | 30 | 30 | 20 मिनिट |
| 2 . | मात्रात्मक योग्यता/ अंक गणित | 35 | 35 | 20 मिनिट |
| 3 . | तर्क क्षमता | 35 | 35 | 20 मिनिट |
| | **योग** | **100** | **100** | **60 मिनिट** |

नकारात्मक अंक

उपर्युक्त वस्तुनिष्ठ परीक्षा में गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक दिए जाएंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के लिए निर्धारित अंक का 1/4 भाग अर्थात 0.25 अंक काट लिया जाएगा।

**चरण 2 : -**

**मुख्य परीक्षा : -** प्रारम्भिक परीक्षा के अंकों के आधार पर बैंक द्वारा निर्धारित प्रत्येक श्रेणी में पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों (रिक्तियों की संख्या का लगभग 10 गुना, उपलब्धता के अधीन) को कुल प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में व्यवस्थित सभी उम्मीदवारों की सूची से मुख्य परीक्षा के लिए चुना जाएगा।

मुख्य परीक्षा का पैटर्न :-

| क्रमांक | विषय | प्रश्न | अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य/ वित्तीय जागरूकता | 50 | 50 | 35 मिनिट |
| 2. | सामान्य अंग्रेजी | 40 | 40 | 35 मिनिट |
| 3 . | मात्रात्मक योग्यता/ अंक गणित | 50 | 50 | 45 मिनिट |
| 4 . | तर्क क्षमता और कंप्यूटर योग्यता | 50 | 60 | 45 मिनिट |
| | **योग** | **190** | **200** | **160 मिनिट** |

नकारात्मक अंक

उपर्युक्त वस्तुनिष्ठ परीक्षा में गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक दिए जाएंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के लिए निर्धारित अंक का 1/4 भाग अर्थात 0.25 अंक काट लिया जाएगा।

**आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार: (वापसी योग्य नहीं)**

| | |
|---|---|
| 1. एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम/डीईएसएम | कोई शुल्क नहीं |
| 2. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस | 750/- रु. |

## 2.बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) क्लर्क परीक्षा

IBPS द्वारा 11 राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए क्लर्क और समकक्ष पदों के लिए प्रति वर्ष भर्ती परीक्षा का आयोजन करता है। यह परीक्षा दो चरणों में होती है 1. प्रारम्भिक परीक्षा 2. मुख्य परीक्षा

**शामिल होने वाले राष्ट्रीयकृत बैंक**

1.बैंक ऑफ़ बड़ौदा 2. केनरा बैंक 3. इंडियन ओवरसीज बैंक

4. बैंक ऑफ इंडिया 5.पंजाब नेशनल बैंक 6.यूको बैंक

7.यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 8.बैंक ऑफ महाराष्ट्र

9. इंडियन बैंक 10. पंजाब एंड सिंध बैंक

**ध्यान देने योग्य बिंदु :-**

1. चूंकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लिपिक संवर्ग में भर्ती राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के आधार पर की जाती है, इसलिए उम्मीदवार किसी एक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में रिक्तियों के लिए ही आवेदन करना चाहिए ।
2. उम्मीदवार को उस विशेष राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के किसी एक केंद्र में ऑनलाइन परीक्षा देनी होगी। जहां की रिक्ति के लिए उसने आवेदन किया है।
3. यद्यपि प्रशासनिक आधार पर उम्मीदवारों को चुने गए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के बाहर परीक्षा केंद्र आवंटित किया जा सकता है

पात्रता की शर्ते

**1. शैक्षणिक योग्यता:**

1. भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में डिग्री (स्नातक) या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष योग्यता।
2. उम्मीदवार के पास वैध मार्कशीट/डिग्री प्रमाणपत्र होना चाहिए कि वह पंजीकरण के दिन स्नातक है और ऑनलाइन पंजीकरण करते समय स्नातक में प्राप्त अंकों का प्रतिशत दर्शाना चाहिए।
3. कंप्यूटर साक्षरता: कंप्यूटर सिस्टम में संचालन और कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य है, यानी उम्मीदवारों के पास कंप्यूटर संचालन/भाषा में प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री होनी चाहिए और हाई स्कूल/कॉलेज/संस्थान में कंप्यूटर/सूचना प्रौद्योगिकी का एक विषय के रूप में अध्ययन किया होना चाहिए।

**2. आयु सीमा: 20 से 28 वर्ष**

(अधिकतम आयु सीमा की गणना विज्ञापन में दी गई तिथि के अनुसार की जानी चाहिए अत: आवेदक विज्ञापन में उल्लेखित तिथि अनुसार अपनी आयु की गणना करें )

**आरक्षण के तहत आयु में छूट:**

| | | |
|---|---|---|
| अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए | : | 5 वर्ष |
| अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए | : | 3 वर्ष |
| PwD (जनरल) | : | 10 वर्ष |
| PwD (OBC) | : | 13 वर्ष |
| PwD (SC/ST) | : | 15 वर्ष |

- भूतपूर्व सैनिक/विकलांग भूतपूर्व सैनिक रक्षा सेवाओं में दी गई सेवा की वास्तविक अवधि + 3 वर्ष, (एससी/एसटी से संबंधित विकलांग भूतपूर्व सैनिकों के लिए 8 वर्ष) अधिकतम आयु 50 वर्ष के अधीन
- विधवाएं, तलाकशुदा महिलाएं और अपने पति से न्यायिक रूप से अलग रह चुकी महिलाएं और जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है 7 वर्ष (सामान्य/ईडब्ल्यूएस के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष, ओबीसी के लिए 38 वर्ष और एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष के अधीन)

आवेदन शुल्क

1. **एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम/डीईएसएम** 175/ रु.

2. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस 850 /- रु.

**परीक्षा का पैटर्न :**

परीक्षा दो चरणों में होगी, प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा जिनकी जानकारी निम्न है :-

**प्रारंभिक परीक्षा:** 100 अंकों ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। जो वस्तुनिष्ठ प्रकृति की होगी । परीक्षा से सबंधित जानकारी निम्न है:-

| क्रमांक | विषय | प्रश्न | अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य अंग्रेजी | 30 | 30 | 20 मिनिट |
| 2 . | मात्रात्मक योग्यता/ अंक गणित | 35 | 35 | 20 मिनिट |
| 3 . | तर्क क्षमता | 35 | 35 | 20 मिनिट |
| | **योग** | **100** | **100** | **60 मिनिट** |

नकारात्मक अंक

उपर्युक्त वस्तुनिष्ठ परीक्षा में गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक दिए जाएंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के लिए निर्धारित अंक का 1/4 भाग अर्थात 0.25 अंक काट लिया जाएगा।

**चरण 2 :**

उम्मीदवारों को तीनों टेस्ट में से प्रत्येक में IBPS द्वारा तय किए जाने वाले कट-ऑफ अंक प्राप्त करके उत्तीर्ण होना होगा। आवश्यकताओं के आधार पर IBPS द्वारा तय किए गए प्रत्येक श्रेणी में पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

**मुख्य परीक्षा :** प्रारम्भिक परीक्षा IBPS की शर्तो के आधार पर पात्र आवेदकों को मुख्य परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। मुख्य परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे जिसकी जानकारी निम्न है :-

| क्रमांक | विषय | प्रश्न | अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य/ वित्तीय जागरूकता | 50 | 50 | 35 मिनिट |
| 2. | सामान्य अंग्रेजी | 40 | 40 | 35 मिनिट |
| 3 . | मात्रात्मक योग्यता/ अंक गणित | 50 | 50 | 45 मिनिट |
| 4 . | तर्क क्षमता और कंप्यूटर योग्यता | 50 | 60 | 45 मिनिट |
| योग | | **190** | **200** | **160 मिनिट** |

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अनुसार (परीक्षा का माध्यम) की सूची

| क्रमांक | राज्य /केंद्र शासित प्रदेश | परीक्षा का माध्यम ( भाषा ) |
|---|---|---|
| **1** | अंडमान और निकोबार | अंग्रेजी और हिंदी |
| **2** | आंध्र प्रदेश | अंग्रेजी ,हिंदी, तेलगु |
| **3** | अरुणाचल प्रदेश | अंग्रेजी और हिंदी |
| **4** | असम | अंग्रेजी, हिंदी, असमिया |
| **5** | बिहार | अंग्रेजी और हिंदी |
| **6** | चंडीगढ़ | अंग्रेजी और हिंदी |
| **7** | छत्तीसगढ़ | अंग्रेजी और हिंदी |
| **8** | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | अंग्रेजी। हिंदी, गुजराती, मराठी और कोंकणी |
| **9** | दिल्ली (एनसीटी) | अंग्रेजी और हिंदी |
| **10** | गोवा | अंग्रेजी, हिंदी,कोंकणी |
| **11** | गुजरात | अंग्रेजी, हिंदी और गुजराती |
| **12** | हरियाणा | अंग्रेजी और हिंदी |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | हिमाचल | अंग्रेजी और हिंदी |
| 14 | जम्मू और कश्मीर अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू | अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू |
| 15 | झारखण्ड | अंग्रेजी और हिंदी |
| 16 | कर्णाटक | अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़ और कोंकणी |
| 17 | केरल | अंग्रेजी , हिंदी और मलयालम |
| 18 | लद्दाख | अंग्रेजी और हिंदी |
| 19 | लक्षद्वीप | अंग्रेजी, हिंदी और मलयालम |
| 20 | मध्य प्रदेश | अंग्रेजी और हिंदी |
| 21 | महाराष्ट्र | अंग्रेजी, हिंदी, मराठी और कोंकणी |
| 22 | मणिपुर | अंग्रेजी, हिंदी और मणिपुरी |
| 23 | मेघालय | अंग्रेजी और हिंदी |
| 24 | मिजोरम | अंग्रेजी और हिंदी |
| 25 | नागालैंड | अंग्रेजी और हिंदी |
| 26 | ओडिशा | अंग्रेजी, हिंदी और ओडिया |
| 27 | पुडुचेरी | अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम |
| 28 | पंजाब | अंग्रेजी, हिंदी और पंजाबी |
| 29 | राजस्थान | अंग्रेजी और हिंदी |
| 30 | सिक्किम | अंग्रेजी और हिंदी |
| 31 | तमिलनाडु | अंग्रेजी, हिंदी और तमिल |
| 32 | तेलंगाना | अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु और उर्दू |
| 33 | त्रिपुरा | अंग्रेजी, हिंदी और बंगाली |

| | | |
|---|---|---|
| 34 | उत्तर प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू |
| 35 | उत्तराखंड | अंग्रेजी और हिंदी |
| 36 | पश्चिम बंगाल | अंग्रेजी, हिंदी और बंगाली |

**3. बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) द्वारा आयोजित**

**ग्रामीण बैंक कार्यालय सहायक (बहुउद्देश्यीय) भर्ती परीक्षा**

- कार्यालय सहायक (बहुउद्देश्यीय) के पदों के लिए परीक्षा दो स्तरीय होती है।
- ऑनलाइन परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाती है , **प्रारंभिक और मुख्य**।
- **कार्यालय सहायक (बहुउद्देश्यीय)** के पद के लिए, प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए पात्र होते है।
- उन्हें मुख्य परीक्षा में उनके द्वारा प्राप्त अंकों और आरआरबी द्वारा रिपोर्ट की गई वास्तविक रिक्तियों के आधार पर अनंतिम रूप से आवंटित किया जाता है। ।
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार रिक्तियों के आधार पर और आईबीपीएस को रिपोर्ट के अनुसार, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को योग्यता सह वरीयता **कार्यालय सहायक (बहुउद्देशीय)** में आरक्षण नीति पर सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में से एक में आवंटित किया जाता है।

**ग्रामीण बैंक कार्यालय सहायक (बहुउद्देश्यीय) के लिए पात्रता:-**

**1. शैक्षणिक योग्यता:**

- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री अथवा इसके समकक्ष
- भाग लेने वाले आरआरबी/एस* द्वारा निर्धारित स्थानीय भाषा में प्रवीणता
- **वांछनीय:** कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान।

**2. आयु सीमा: 18 वर्ष से 28 वर्ष के बीच**

आयु सीमा की गणना के लिए आवेदक सम्बंधित विज्ञापन में उल्लेखित दिनांक का अवश्य अध्यन कर लें

**परीक्षा का पैटर्न :**

परीक्षा दो चरणों में होगी, प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा जिनकी जानकारी निम्न है :-

**प्रारंभिक परीक्षा:** 100 अंकों ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। जो वस्तुनिष्ठ प्रकृति की होगी । परीक्षा से सबंधित जानकारी निम्न है:-

| क्रमांक | विषय | प्रश्न | अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मात्रात्मक योग्यता/ अंक गणित | 40 | 40 | कुल 45 मिनिट |
| 2. | तर्क क्षमता | 40 | 40 | |
| **योग** | | **80** | **80** | |

**नकारात्मक अंक**

उपर्युक्त वस्तुनिष्ठ परीक्षा में गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक दिए जाएंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के लिए निर्धारित अंक का 1/4 भाग अर्थात 0.25 अंक काट लिया जाएगा।

**चरण 2 :**

- उम्मीदवारों को तीनों टेस्ट में से प्रत्येक में IBPS द्वारा तय किए जाने वाले कट-ऑफ अंक प्राप्त करके उत्तीर्ण होना होगा। आवश्यकताओं के आधार पर IBPS द्वारा तय किए गए प्रत्येक श्रेणी में पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

- **मुख्य परीक्षा :** प्रारम्भिक परीक्षा IBPS की शर्तो के आधार पर पात्र आवेदकों को मुख्य परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। मुख्य परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे जिसकी जानकारी निम्न है :-

| क्रमांक | विषय | प्रश्न | अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तर्कशक्ति | 40 | 50 | कुल 2 घंटा |
| 2. | कंप्यूटर ज्ञान | 40 | 20 | |
| 3 . | सामान्य जागरूकता | 40 | 40 | |
| 4 . | अंग्रेजी भाषा / हिंदी भाषा<br>आवेदक कोई एक भाषा चुन सकता है | 40 | 40 | |
| **5.** | संख्यात्मक योग्यता | 40 | **50** | |
| योग | | **200** | **200** | |

नकारात्मक अंक

उपर्युक्त वस्तुनिष्ठ परीक्षा में गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक दिए जाएंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के लिए निर्धारित अंक का 1/4 भाग अर्थात 0.25 अंक  काट लिया जाएगा।